कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय करौली (राज.)

प्रेस–सूचना

दिनांक : 27/07/2020

राजकीय महाविद्यालय करौली में शैक्षणिक सत्र 2020–21 के लिए स्नातक प्रथम वर्ष की प्रवेश प्रकिया 28 जुलाई 2020 से प्रारम्भ हो रही है। स्नातक प्रथम वर्ष के लिए प्रवेश आवेदन पत्र 28 जुलाई 2020 से 11 अगस्त 2020 तक केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किये जायेंगे। ऑनलाइन आवेदन हेतु आवेदक,वेबसाइट www.hte.rajasthan.gov.inपर दिये गये "Admission" लिंक पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवेदक यथा सम्भव अपना वाट्सएप नम्बर ही भरें, क्योंकि ऑनलाइन शिक्षण के लिए विद्यार्थियों के वाट्सएप ग्रुप बनाए जाने हैं। इसके अतिरिक्त विद्यार्थी स्वयं का ईमेल ऐड्रस ही भरें यदि ईमेल नहीं हो तो बना लें।

बी.ए. पार्ट प्रथम के आवेदक महाविद्यालय में उपलब्ध 20 विषय संयोजनों में से कोई 5 विषय संयोजन अपनी पसंद के अनुसार वरीयता क्रम में आवश्यक रूप से भरें। बी.कॉम. प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु किसी भी संकाय (कला, विज्ञान, वाणिज्य) से सीनियर सैकण्डरी कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं।

आवेदक को ऑनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकॉपी महाविद्यालय में जमा नहीं करानी है। आवेदक, चाहे गये उचित दस्तावेज अपलोड करें अन्यथा सम्बन्धित दस्तावेज़ का लाभ नहीं दिया जायेगा।

स्नातक प्रथम वर्ष के आवेदक सीनीयर सैकण्डरी की अंकतालिका आने की या अंतिम तिथि की प्रतीक्षा नहीं करें। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने में सीनीयर सैकण्डरी की अंकतालिका की आवश्यकता नहीं है।

(रफ़ीक़ अहमद)
नोडल अधिकारी
ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय करौली

Scanned by CamScanner